इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 47] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 19 नवम्बर 2010—कार्तिक 28, शक 1932

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 अक्टूबर 2010

क्र. ई. 1-146-2010-5-एक.—भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की अधिसूचना क्रमांक 13017-22-2010-अभासे (I), दिनांक 5 अगस्त 2010 द्वारा श्री नंद कुमारम्, भाप्रसे (2008) की सेवाएं झारखण्ड संवर्ग से मध्यप्रदेश संवर्ग में स्थानांतरित किये जाने के फलस्वरूप उन्हें अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सहायक कलेक्टर, जिला जबलपुर पदस्थ किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 12 अक्टूबर 2010

क्र. एफ-3-1-2010-1-4.—राज्य शासन एतद्द्वारा, अनूपपुर जिला पंचायत सदस्य के आम निर्वाचन हेतु मतदान दिनांक 21 अक्टूबर 2010 गुरुवार को जिले के संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित करता है.

2. उक्त दिनांक को केवल संबंधित क्षेत्रों के लिये पराक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशियएबल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट), 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के अन्तर्गत सार्वजनिक अवकाश भी घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. वर्मा, अतिरिक्त सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010

मछली पालन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 अक्टूबर 2010

क्र. एफ 22-35-2009-छत्तीस.—राज्य शासन द्वारा संचालक मत्स्योद्योग का चालू कार्यभार दिनांक 1 नवम्बर 2010 से आगामी आदेश तक, प्रबंध संचालक, मत्स्य महासंघ को सौंपा जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. डी. गुप्ता, अवर सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 अक्टूबर 2010

क्र. एफ 3-106-2010-बत्तीस-**शुद्धि-पत्र.**—विभागीय समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 30 जुलाई 2010 जो कि मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 6 अगस्त 2010 को प्रकाशित हुई है, जिसके द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 13(1) के अन्तर्गत मढ़ई निवेश क्षेत्र का गठन किया है, को निम्न त्रुटि सुधार के साथ पढ़ा जाये :—

उक्त अधिसूचना के अनुसूची के बिन्दु क्रमांक-1 उत्तर में ग्राम "कामठी" के स्थान पर ग्राम "कामती" पढ़ा जाये.

वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 4 नवम्बर 2010

क्र. एफ-3-37-बत्तीस-2010.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 38 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा विभागीय अधिसूचना क्र. 3-133-बत्तीस-98, दिनांक 26 नवम्बर 1998 में यथा विनिर्दिष्ट कटनी निवेश क्षेत्र, जिसकी सीमाएं निम्न अनुसूची में परिनिश्चित की गई है, के लिये इस अधिसूचना के प्रसारण की तिथि से कटनी नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकारी की स्थापना करती है :—

अनुसूची

कटनी —निवेश क्षेत्र की सीमायें

उत्तर में—ग्राम चाका, लम्तरा, मटवार, पड़रिया की उत्तरी सीमा तक.

पूर्व में—ग्राम मटवार-पड़रिया, घटखिरवा, खिरहनी, जोहला, छपरवारा, हिरवास एवं गाताखेड़ा की पूर्वी सीमा तक.

दक्षिण में—ग्राम गाताखेड़ा, पिपरिया, छहरी, इमलिया, कछगवां, देवरी से दक्षिणी सीमा तक.

पश्चिम में—ग्राम देवरी, झिंझरी, अमकुटी कैलवारा, टिकरिया, पुरैनी, पहरूवा तथा चाका की पश्चिमी सीमा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

परिशिष्ट-6

भोपाल, दिनांक 26 नवम्बर 1998

क्र. एफ-3-133-बत्तीस-98.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की उपधारा (2) (क) अर्ध राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए कटनी निवेश क्षेत्र जो, इस विभाग की अधिसूचना क्र. 3195-एफ-1-88-तैंतीस-73, दिनांक 14 अक्टूबर 1973 द्वारा गठित किया गया था, की सीमाओं में परिवर्तन करती है, जिसकी पुनरीक्षित सीमाएं निम्न अनुसूची में परिनिश्चित की गई हैं :—

अनुसूची

कटनी —पुनरीक्षित क्षेत्र की सीमायें

उत्तर में—ग्राम चाका, लमतरा, मटवार, पड़रिया की उत्तरी सीमा तक.

पूर्व में—ग्राम मटवार-पड़रिया, घटखिरवा, खिरहनी, जोहला, छपरवारा, हिरवास एवं गाताखेड़ा की पूर्वी सीमा तक.

दक्षिण में—ग्राम गाताखेड़ा, पिपरिया, छहरी, इमलिया, कछगवां, देवरी से दक्षिणी सीमा तक.

पश्चिम में—ग्राम देवरी, झिंझरी, अमकुटी कैलवारा, टिकरिया, पुरैनी, पहरूवा तथा चाका की पश्चिमी सीमा तक.

बी. एन. त्रिपाठी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 4 नवम्बर 2010

क्र. एफ 3-37-बत्तीस-2010.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 38 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नगर एवं ग्रामीण नियोजन विभाग की अधिसूचना क्र. 2957-1-90-33-73, दिनांक 22 नवम्बर 1973 में यथा विनिर्दिष्ट रतलाम निवेश क्षेत्र, जिसकी सीमाएं निम्न अनुसूची में

परिनिश्चित की गई है, के लिये इस अधिसूचना के प्रसारण की तिथि से रतलाम नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकारी की स्थापना करती है :—

अनुसूची

रतलाम—निवेश क्षेत्र की सीमायें

उत्तर में—बंजली, सेजावता, घटला, बोरवना, दोसीगांव, राजगढ़ एवं बडबड ग्राम की उत्तरी सीमा तक.

पश्चिम में—बिरियाखेड़ी, खेतलपुर एवं सागोद ग्राम की पश्चिमी सीमा तक.

दक्षिण में—भेरूगढ़, दिलीप नगर, करमदी एवं सलाखेड़ी ग्राम की दक्षिणी सीमा तक.

पूर्व में—सनावदा, हापूखेड़ी, सुराखेड़ी, भाटखेड़ीं, बाजनखेड़ा एवं भटूनी ग्राम की पूर्वी सीमा तक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

परिशिष्ट-3

नगर एवं ग्रामीण नियोजन विभाग

भोपाल, दिनांक 22 नवम्बर 1973

क्र. 2957-1-90-33-73.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 13(1) के अधीन, मध्यप्रदेश शासन द्वारा उपरोक्त रतलाम नगर के लिये निवेश क्षेत्र का गठन कर उसकी सीमाएं निम्नानुसार परिनिश्चित की गई हैं :—

अनुसूची

रतलाम— निवेश क्षेत्र की सीमायें

उत्तर में—बंजली, सेजावता, घटला, बोरवना, दोसीगांव, राजगढ़ एवं बड़बड़ ग्राम की उत्तरी सीमा तक.

पश्चिम में—बिरियाखेड़ी, खेतलपुर एवं सागोद ग्राम की पश्चिमी सीमा तक.

दक्षिण में—भेरूगढ़, दिलीप नगर, करमदी एवं सलाखेड़ी ग्राम की दक्षिणी सीमा तक.

पूर्व में—सनावदा, हापूखेड़ी, सुराखेड़ी, भाटखेड़ीं, बाजनखेड़ा एवं भटूनी ग्राम की पूर्वी सीमा तक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. सी. जैन, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 4 नवम्बर 2010

क्र. एफ-3-37-बत्तीस-2010.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 38 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा आवास एवं पर्यावरण विभाग, कलेक्टर एवं सदस्य सचिव, जिला योजना समिति, शहडोल की अधिसूचना क्र. 9-90-जि.यो.स. न. ग्रा. नि. 2000, दिनांक 19 जनवरी 2000 में यथा विनिर्दिष्ट अमरकंटक निवेश क्षेत्र, जिसकी सीमाएं निम्न अनुसूची में परिनिश्चित की गई है, के लिये इस अधिसूचना के प्रसारण की तिथि से अमरकंटक नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकारी की स्थापना करती है :—

अनुसूची

अमरकंटक—निवेश क्षेत्र की सीमायें

उत्तर में—जालेश्वर एवं उमरगोहान ग्राम की उत्तरी सीमा तक.

पूर्व में—उमरगोहान, जालेश्वर और अमरकंटक ग्राम की पूर्वी सीमा तक.

दक्षिण में—अमरकंटक, दमगढ़ ग्राम की दक्षिणी सीमा तक.

पश्चिम में—अमरकंटक, दमगढ़, जालेश्वर तथा उमरगोहान की पश्चिमी सीमा तक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

परिशिष्ट-4

कलेक्टर एवं सदस्य सचिव, जिला योजना समिति, शहडोल

शहडोल, दिनांक 19 जनवरी 2000

क्र. 9-90-जि.यो.स.न.ग्रा.नि. 2000.—मध्यप्रदेश जिला योजना समिति 1995 की धारा 7 (क) (1) सहपठित मध्यप्रदेश शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ.-3-25-99-बत्तीस, भोपाल, दिनांक 30 मार्च 1999 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 (क्रमांक 23) की धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन एतद्द्वारा अधिनियम के प्रयोजन हेतु ''अमरकंटक निवेश क्षेत्र'' का गठन किया जाता है, जिसकी सीमाएं निम्न अनुसूची में परिनिश्चित की गई हैं :—

अनुसूची

अमरकंटक—निवेश क्षेत्र की सीमायें

उत्तर में—जालेश्वर एवं उमरगोहान ग्राम की उत्तरी सीमा तक.

पूर्व में—उमरगोहान, जालेश्वर और अमरकंटक ग्राम की पूर्वी सीमा तक.

दक्षिण में—अमरकंटक, दमगढ़ ग्राम की दक्षिणी सीमा तक.

पश्चिम में—अमरकंटक, दमगढ़, जालेश्वर तथा उमरगोहान की पश्चिमी सीमा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पंकज अग्रवाल, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 9 नवम्बर 2010

क्र. एफ-3-132-2010-बत्तीस—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (1) के अन्तर्गत राज्य शासन, एतद्द्वारा, सलकनपुर (रेहटी) निवेश क्षेत्र का गठन करता है. सलकनपुर से लगे ग्रामों के निवेश क्षेत्र की सीमायें निम्न अनुसूची में दर्शाये अनुसार परिलक्षित की गई हैं :—

अनुसूची

उत्तर में—बोंरी, पिपलिया, कोसमी, गेंहूखेड़ा, रेहटी एवं धामण्डा की उत्तरी सीमा तक.

पश्चिम में—धामण्डा, भब्बड़, इटावा जदीद एवं रिझाड़िया की पश्चिमी सीमा तक.

दक्षिण में—रिझाड़िया, ककरदा, नयागांव, मकोड़िया एवं इटारसी की दक्षिणी सीमा तक.

पूर्व में —इटारसी एवं बोंरी की पूर्वी सीमा तक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 अक्टूबर 2010

क्र. एफ-1(ए)-10-2004-ए-सोलह.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (क्रमांक 14 सन् 1947) की धारा-7-ए की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा न्यायमूर्ति श्री एस. ए. नकवीं, अध्यक्ष मध्यप्रदेश औद्योगिक न्यायालय को मध्यप्रदेश औद्योगिक न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी के रूप में, कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है.

No. F-1 (A)10-2004-A-XVI—In exercise of powers conferred by sub-section-2 of Section 7-A of the Industrial Disputes Act, 1947 (No. 14 of the 1947) the State Government hereby appoints Justice Shri S. A. Naqvi, President of the Madhya Pradesh Industrial Courts, as Presiding Officer of the State Industrial Tribunal with effect from the date. he takes over charge.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पुखराज मारू, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 2 नवम्बर 2010

फा. क्र. 4-1-2002-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 14-8-2002 के अनुक्रम में उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा-4 के अधीन इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचनाएं दिनांक 4 मार्च 2002 एवं 3 सितम्बर 2010 द्वारा गठित कुटुम्ब न्यायालयों में मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम 2002 के नियम 3 (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित उच्च न्यायिक सेवा के सदस्यों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये परिवार न्यायालयों में उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने अथवा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने (जो भी पहले हो) तक सारणी में वर्णित स्थान पर नियुक्त करता है :—

उक्त न्यायिक अधिकारियों को देय वेतन तथा भत्तों का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम 2002 के नियम 3(3) के अन्तर्गत होगा.

क्र.	न्यायिक अधिकारी का नाम एवं पदस्थापना	कुटुम्ब न्यायालय का मुख्यालय
(1)	(2)	(3)
1	श्री राजेन्द्र कुमार महाजन, (जूनि) जिला न्यायाधीश, कटनी.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल.
2	श्री नरसिंहदास पटले, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम, होशंगाबाद.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, टीकमगढ़.

भोपाल, दिनांक 8 नवम्बर 2010

फा.क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक).—स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा.क्र. 1-6-89-इक्कीस-

ब(एक) दिनांक 24 फरवरी 2010 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 12 मार्च 2010 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 32 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

अनुक्रमांक	विशेष न्यायालय	स्थानीय क्षेत्र/सत्र खण्ड
(1)	(2)	(3)
"32.	विशेष न्यायालय, नीमच	नीमच सेशन खण्ड, अतिरिक्त विशेष न्यायालय, मनासा को दिये गये क्षेत्राधिकार को छोड़कर.
32-क	अतिरिक्त विशेष न्यायालय, मनासा.	पुलिस थाना मनासा, रामपुरा तथा कुकरेश्वर का स्थानीय क्षेत्र "."

टिप्पणी.—सेशन न्यायाधीश किसी ऐसे विशेष न्यायाधीश की अनुपस्थिति में, इस अधिसूचना के अधीन, विशेष न्यायाधीशों के बीच अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई के लिये व्यवस्था कर सकेगा.

F.No. 1-6-89-XXI-B(1).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 36 of the Narcotic Drugs and psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 1-6-89-XXI-B(I) dated 24th February 2010 which was published in the Madhya Pradesh Gazette part 1, dated 12th March, 2010, namely :—

AMENDMENTS

In the said Notification, in the Table for Serial number 32 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

S.No.	Special Court	Local area/Sessions Divisions
(1)	(2)	(3)
"32.	Special Court, Neemuch.	Neemuch Sessions Division except Jurisdiction given to Additional Special Court, Manasa.
32-A	Additional Special Court, Manasa.	Local area of Police Station Manasa, Rampura and Kukreshwar"."

Note.—The Sessions Judge may make arrangement for hearing of urgent maters amongst the Special Judges under this Notification in absence of any such Special Judge.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. मिश्रा, प्रमुख सचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 नवम्बर 2010

क्र. एफ-25-12-2008-दस-3.—मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के आदेश क्रमांक एफ-26-2-87-दस-3, दिनांक 1 अप्रैल 1987 एवं क्रमांक-25-13-दस-3-94, दिनांक 22 सितम्बर 1994 द्वारा गठित/पुनर्गठित निम्न सामाजिक वानिकी वनमंडलों को आदेश जारी होने की तिथि से समाप्त किया जाता है :—

क्रमांक	वन वृत्त का नाम	जिले का नाम	वनमण्डल का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	छिंदवाड़ा	छिंदवाड़ा	सामाजिक वानिकी वनमण्डल, छिंदवाड़ा
2	छतरपुर	छतरपुर	सामाजिक वानिकी वनमण्डल, छतरपुर
3	होशंगाबाद	होशंगाबाद	सामाजिक वानिकी वनमण्डल, होशंगाबाद

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 3 नवम्बर 2010

क्र. एफ-25-12-2008-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक-25-12-2008-दस-3, दिनांक 3 नवम्बर 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal, the 3rd November 2010

No. F-25-12-2008-X-3.—The following divisions constituted/re-organised *vide* Madhya Pradesh Forest Department order No. F-26-2-87-X-3, date 1st April, 1987 and No. 25-13-X-3-94, dated 22nd September 1994 are hereby abolished with effect from the dated of issue of order :—

S.No. (1)	Name of Forest circle (2)	Name of District (3)	Name of Division (4)
1	Chhindwara	Chhindwara	Social Forestry Division, Chhindwara
2	Chhatarpur	Chhatarpur	Social Forestry Division, Chatarpur
3	Hoshangabad	Hoshangabad	Social Forestry Division, Hoshangabad.

By Order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 8 नवम्बर 2010

फा.क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक).—स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा.क्र. 1-6-89-(इक्कीस)-ब(एक) दिनांक 3 अप्रैल 1998 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 17 अप्रैल 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 46-1 तथा उससे तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियाँ अन्त:स्थापित की जाए, अर्थात् :—

अनुक्रमांक (1)	न्यायाधीश का नाम तथा पदनाम (2)	विशेष न्यायालय (3)	स्थानीय क्षेत्र/सेशन खण्ड (4)
"46-2.	श्री जी. एस. सलूजा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मनासा.	अतिरिक्त विशेष न्यायालय, मनासा.	पुलिस थाना मनासा, रामपुरा तथा कुकरेश्वर का स्थानी क्षेत्र.".

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F.No. 1-6-89-XXI-B(1).—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendments in this Department's Notification F. No. 1-6-89-XXI-B(I) dated 3rd April 1998, which was published in the Madhya Pradesh Gazette part 1, dated 17th April 1998, namely :—

AMENDMENTS

In the said Notification, in the Schedule, after serial number 46-1 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be inserted, namely :—

S.No. (1)	Name and designation of the Judge (2)	Special court (3)	Local area/Session division (4)
"46-2	Shri G. S. Saluja, Additional Sessions Judge, Manasa.	Additional Special Court, Manasa.	Local area of Police Station Manasa, Rampura and Kukreshwar"."

This amendment shall come into force from the date on which the Judge as specified in the Notification assumes the charge of his office in the said Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. मिश्रा, प्रमुख सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला भिण्ड, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन

भिण्ड, दिनांक 20 अक्टूबर 2010

क्र. क्यू-3-एसडब्ल्यू-35-10-15806.—मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्रमांक/एफ-2(क)/15/99/बी-3/दो दिनांक 11 अक्टूबर 2004 के द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 के स. 2) की धारा 2 के खण्ड एस. द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे दी गई तालिका के कॉलम नं. (4) में अंकित ग्रामों को कॉलम नं. (3) में अंकित थानों से दूर होने से परिवर्तित कर कॉलम नंबर (5) में अंकित थानों के करीब होने से उनके अधीन एतद्द्वारा सम्मिलित किये जाते हैं :—

तालिका

स.क्रमांक (1)	जिला (2)	पूर्व थानों के नाम (3)	ग्राम के नाम जो पूर्व से सम्मिलित थे (4)	परिवर्तित थाने का नाम जिनकी सीमा में जोड़े गये (5)
1	भिण्ड	देहात भिण्ड	1. गोविन्दनगर	सिटी कोतवाली
			2. आफीसर कॉलोनी	सिटी कोतवाली
			3. वाटरवर्क्स	सिटी कोतवाली
			4. भीम नगर	सिटी कोतवाली
			5. वीरेन्द्र नगर	सिटी कोतवाली
			6. गांधी नगर	सिटी कोतवाली
			7. स्वतंत्र नगर	सिटी कोतवाली
			8. विकास नगर	सिटी कोतवाली
			9. जमुना नगर	सिटी कोतवाली
			10. 17वीं बटालियन पैट्रोल पम्प तक	सिटी कोतवाली
			11. कुशवाह कॉलोनी भदावर कॉलोनी	सिटी कोतवाली
2	भिण्ड	ऊमरी	1. मुसावली	थाना भारौली
			2. तखत की गढिया	थाना नयागांव
3	भिण्ड	नयागांव	1. ग्राम ईश्वरी का मजरा डलई का पुरा	थाना ऊमरी
4	भिण्ड	भारौली	1. मढ़ेपुरा	थाना अमायन
			2. कुपावली	थाना अमायन
5	भिण्ड	बरोही	1. बिछौली	थाना पावई
			2. ऐंतहार	थाना पावई
			3. कमलपुरा	थाना पावई
6	भिण्ड	सुरपुरा	1. रतनूपुरा	थाना अटेर
			2. खेरी	थाना अटेर
			3. जमसारा	थाना अटेर
7.	भिण्ड	पावई	1. खरिका	थाना अटेर
			2. निवारी	थाना अटेर
			3. कचनावकलां	थाना गोरमी
			4. कचनावखुर्द	थाना गोरमी
8.	भिण्ड	गोहद	1. जगन्नाथपुरा	चौकी झांकरी
			2. गिरगवां	थाना मौ
			3. रतनूपुरा	थाना मौ
			4. खेरिया गजू	थाना मौ

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
			5. मदनपुरा	थाना मेंहगांव
9.	भिण्ड	मौ	1. छोटी अंधियारी	थाना अमायन
			2. बड़ी अंधियारी	थाना अमायन
10.	भिण्ड	मालनपुर	1. कंचनपुरा	थाना एण्डौरी
			2. मानपुर	थाना एण्डौरी
11.	भिण्ड	अमायन	1. टीकरी कलां	थाना बरासों
			2. टीकरी खुर्द	थाना बरासों
12.	भिण्ड	मेंहगांव	1. कतरोल	थाना मौ
			2. सेंथरी (पड़कौली)	थाना मौ
			3. रजपुरा	थाना गोहद
13.	भिण्ड	दबोह	1. खजूरी	चौकी रावतपुरा
			2. बरौआ	
			3. बेहटा	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रघुराज राजेन्द्रन, जिला दण्डाधिकारी एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, राज्यपाल का सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

राजभवन, भोपाल, दिनांक 12 नवम्बर 2010

क्र. एफ-8-2-रास-यू.ए.-1-08.—यत: कुलाधिपतिजी के आदेश क्रमांक एफ-26-1-रास-यू.ए.-1-07-542, दिनांक 16 अप्रैल 2007 के द्वारा प्रत्यायोजित अधिकारों का प्रयोग करते हुए आयुक्त, उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश के द्वारा स्नातक स्तर के विभिन्न विषयों के एकीकृत पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु केन्द्रीय अध्ययन मण्डलों का गठन किया गया है. राज्यपाल के सचिवालय की अधिसूचना एफ-8-2-रास-यू.ए.-1-08-655, दिनांक 5 मई 2008 के द्वारा उक्त केन्द्रीय अध्ययन मण्डलों को स्नानकोत्तर स्तर के विभिन्न विषयों के एकीकृत पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु अधिकृत किया गया है.

2. केन्द्रीय अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 28 एवं 29 जून 2010 में लिये गये निम्नानुसार निर्णयानुसार 19 विषयों के पाठ्यक्रमों में संशोधन संबंधी अनुशंसाओं को इस सचिवालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-2-रास-यू.ए.-1-08-1272, दिनांक 31 जुलाई 2010 के द्वारा अनुमोदित किया गया है :—

(1) स्नातकोत्तर स्तर पर तृतीय सेमेस्टर तथा स्नातक स्तर पर पंचम सेमेस्टर में इंटर्नशिप के साथ सैद्धांतिक विषय को जोड़ने एवं चतुर्थ, पंचम तथा षष्ठम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों को संशोधित करने संबंधी निर्णय.

(2) सत्र 2011-12 हेतु एकल प्रश्न-पत्र प्रणाली के तहत् प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों को प्रस्तावित योजना अनुसार एकीकृत करने संबंधी निर्णय.

3. मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 34-क की उपधारा (9) के तहत् प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महामहिम कुलाधिपति के द्वारा अधिसूचना दिनांक 31 जुलाई 2010 के द्वारा अनुमोदित 19 विषयों के पाठ्यक्रमों में से समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं भूगोल विषयों के पाठ्यक्रमों में पुन: संशोधन करने तथा गृह विज्ञान, आधार पाठ्यक्रम एवं भू-गर्भशास्त्र विषयों के पाठ्यक्रमों में संशोधन करने संबंधी केन्द्रीय अध्ययन मंडल की अनुशंसाओं को अनुमोदित किया गया है.

मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के आदेशानुसार,
जी. के. सारस्वत, राज्यपाल के अपर सचिव.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, जिलाध्यक्ष, जिला रीवा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

रीवा, दिनांक 6 अक्टूबर 2010

क्र. 571-भू-अर्जन-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 ''अ'' के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	हनुमना	गाड़ा	1.097	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग, रीवा (म.प्र.)	देवरी बांध के नहर निर्माण कार्य हेतु (सिंचाई एवं निस्तारी).

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, कलेक्टर, जिला रीवा के कार्यालय में किया जा सकता है.

क्र. 572-भू-अर्जन-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 ''अ'' के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	हनुमना	देवरी	0.698	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग रीवा (म.प्र.)	देवरी बांध के नहर निर्माण कार्य हेतु (सिंचाई एवं निस्तारी).

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, कलेक्टर, जिला रीवा के कार्यालय में किया जा सकता है.

क्र. 575-भू-अर्जन-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि

के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 "अ" के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	हनुमना	छदना खुर्द	0.591	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग रीवा (म.प्र.)	देवरी बांध के नहर निर्माण कार्य हेतु (सिंचाई एवं निस्तारी).

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, कलेक्टर, जिला रीवा के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. पी. श्रीवास्तव, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला होशंगाबाद, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

होशंगाबाद, दिनांक 13 अक्टूबर 2010

क्र. -भू-अर्जन-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये वन आरक्षित प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 "अ" के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर/एकड़ में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
होशंगाबाद	बाबई	धामनिया	13.495 हेक्टेयर/33.36 एकड़	वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमंडल, होशंगाबाद.	वन व्यवस्थापन हेतु.
		झालौन	3.331 हेक्टेयर/8.23 एकड़		

(2) कुल अर्जनीय क्षेत्रफल 16.826 हैक्टेयर/41.59 एकड़.

(3) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये आवश्यकता है:—वन व्यवस्थापन हेतु.

(4) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, भू-अर्जन अधिकारी, होशंगाबाद के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
निशांत वरवड़े कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजगढ़ (ब्यावरा), मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

राजगढ़, दिनांक 14 अक्टूबर 2010

क्र.11825-भू-अर्जन-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इनके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजगढ़	खिलचीपुर	भोजपुर	12.686	परियोजना प्रबन्धक, म. प्र. सड़क विकास निगम, उज्जैन.	जयपुर-जबलपुर रोड पर बार्डर चैक पोस्ट निर्माण में प्रभावित होने वाली भूमि का अर्जन.
		कुल योग	12.686		

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, राजस्व, खिलचीपुर के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लोकेश कुमार जाटव, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

शाजापुर, दिनांक 15 अक्टूबर 2010

क्र. भू-अर्जन-2010-618.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची के खाने क्रमांक (3) से (6) में वर्णित भूमि को, अनुसूची के खाने (8) में बताये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अधीन इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने नंबर (7) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन						धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्ट. में)				
			शासकीय	निजी	योग		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
शाजापुर	सुसनेर	डोंगरगांव	-	17.65	17.65	म. प्र. सड़क विकास निगम, उज्जैन.	डोंगरगांव चैक पोस्ट निर्माण हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा एवं प्लान का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, सुसनेर के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सोनाली एन. वायंगणकर, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कटनी, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

कटनी, दिनांक 19 अक्टूबर 2010

रा.प्र.क्र. 0-अ-82-09-10-भू.अ.अ..—चूंकि, राज्य शासन को ऐसा प्रतीत होता है, कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि को, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894, संशोधन 1984 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल अर्जित रकबा (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कटनी	कटनी	कैलवारा खुर्द प.ह.नं. 29	1.239	आयुक्त, नगर निगम, कटनी.	यू.आई.डी.एस.एस. एम.टी. योजनान्तर्गत बैराज निर्माण हेतु.
		कुल रकबा	1.239		

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, कटनी, जिला कटनी के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. सेलवेन्द्रन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दतिया, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

दतिया, दिनांक 25 अक्टूबर 2010

क्र. 03-अ-82-2010-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/ तालुक	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दतिया	दतिया	रावरी	5.17	कार्यपालन यंत्री, सिंध नहर परियोजना आर.बी.सी. संभाग करैरा, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	सिंध परियोजना आर.बी.सी. की (महुअर नदी पश्चात्) शाखा डी-7 की 15-आर शाखा के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, कलेक्ट्रेट, दतिया के कार्यालय में किया जा सकता है.

क्र. 01-अ-82-2010-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील तालुक	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टर में.)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दतिया	दतिया	सिजौरा	11.48	कार्यपालन यंत्री, सिंध नहर परियोजना आर.बी.सी. संभाग करैरा, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	सिंध परियोजना आर.बी.सी. की (महुआर नदी पश्चात्) शाखा डी-7 एवं 9 एल, 8 आर, 9 आर एवं 10 आर शाखा नहरों के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी कलेक्ट्रेट दतिया के कार्यालय में किया जा सकता है.

क्र. 02-अ-82-2010-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील तालुक	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टर में.)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दतिया	दतिया	कमथरा	1.85	कार्यपालन यंत्री, सिंध नहर परियोजना आर.बी.सी. संभाग करैरा, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	सिंध परियोजना आर.बी.सी. की (महुआर नदी पश्चात्) नहर की उपशाखाओं एल.एम.-12 के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी कलेक्ट्रेट दतिया के कार्यालय में किया जा सकता है.

क्र. 04-अ-82-2010-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी

संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील तालुक	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टर में.)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दतिया	दतिया	हिनौतिया	7.67	कार्यपालन यंत्री, सिंध नहर परियोजना आर.बी.सी. संभाग करैरा, जिला शिवपुरी (म.प्र.)	सिंध परियोजना आर.बी.सी. की (महुआर नदी पश्चात्) शाखा डी-7 एवं 15 आर माइनर शाखा के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी कलेक्ट्रेट दतिया के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जयश्री कियावत, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, पूर्व निमाड़ जिला खण्डवा, मध्यप्रदेश एवं पदेन अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

खण्डवा, दिनांक 26 अक्टूबर 2010

प्र. क्र. 20-अ-82-2007-2008.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (7) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के अन्तर्गत संबंधित भूमिस्वामी द्वारा असहमति देने के कारण भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 48 के अन्तर्गत सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित भूमि को अधिग्रहण से निर्मुक्त प्रत्याहरित किये जाने की घोषणा की जाती है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण					धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का कारण
जिला	तहसील	ग्राम	धारा 4/6 के अन्तर्गत अर्जन किये जाने वाली वाली भूमि का सर्वे नं. एवं रकबा	धारा 48 के अन्तर्गत अधिग्रहण से निर्मुक्त प्रत्याहरित किये जाने वाली भूमि का सर्वे नं. एवं रकबा		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
पूर्व निमाड़ खण्डवा.	हरसूद	पिपलानी	कृषि भूमि सर्वे नं. 112/4, 126/2, 128/3 145/1, 168, 222, 275/1 276/1, 304, 317, 327, 339/1, 382/1, 423/2, 431/2, एवं 457/3 कुल रकबा 3.69 हे.	कृषि भूमि सर्वे नंबर 339/1, रकबा 0.14 हे. तथा सर्वे नं. 382/1, रकबा 1.67 हे. (कुल सर्वे नंबर 2, रकबा 1.81 हे.).	कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्र. 13, खण्डवा.	इंदिरा सागर परियोजना के अन्तर्गत पुनर्वास नीति की कंडिका 2.3 के अनुसार शेष बची 25 प्रतिशत भूमि का अर्जन (कृषकों की स्वेच्छा से) करने के कारण.

